हरिभूमि
# सोनीपत भूमि
रोहतक, शुक्रवार, 7 मार्च 2025

तापमान
अधिकतम 30.3 डिग्री
न्यूनतम 6.6 डिग्री

11 नपा ने 29 करोड़ 11 लाख 11 हजार 500 का बजट पास



12 प्रो. सुदेश ने विवि कुलपति का पुनः कार्यभार ...



## खबर संक्षेप

### तीन दिवसीय निःशुल्क मैमोग्राफी टेस्ट आज से


**सोनीपत।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर सत्यकिरण हेल्थकेयर और भारत विकास परिषद की सोनीपत शाखा, प्रबुद्धा शाखा, राजमार्ग शाखा एवं माधव शाखा द्वारा 7 मार्च से 9 मार्च 2025 10 बजे से 5 बजे तक तीन दिवसीय निशुल्क मैमोग्राफी टेस्ट शिविर का आयोजन सत्यकिरण डायग्नोस्टिक सेंटर, सुभाष चौक पर किया जाएगा। इस शिविर में महिलाओं का मैमोग्राफी स्क्रीनिंग (35 वर्ष से ऊपर) एवं एनीमिया टेस्ट निशुल्क किए जाएंगे। शिविर में टेस्ट के लिए पूर्व पंजीकरण अनिवार्य रहेगा। सभी टेस्ट इस शिविर की संयोजिका डॉ. नेहा गुप्ता की देख-रेख में किए जाएंगे।



डॉ. नेहा गुप्ता

### खरखौदा में सैन जागृति सम्मान समारोह आज

**खरखौदा।** सैन समाज के तत्वावधान में सात मार्च को सैन जागृति सम्मान समारोह खरखौदा में आयोजित किया जा रहा है।आयोजन से जुड़े सुरेश कुमार सैन ने बताया कि समारोह थाना कलां मार्ग स्थित जागृति स्थल पर आयोजित किया जा रहा है।जिसके मुख्य अतिथि के तौर पर केश कला कौशल विकास बोर्ड के चेयरमैन यशपाल ठाकुर पधार रहे हैं।



सोनीपत। अवैध खनिज के साथ पकड़ा गया ट्रक। फोटो: हरिभूमि

### अवैध खनीज के साथ ट्रक बरामद,केस दर्ज

**सोनीपत।** जिला में अवैध खनन को पूर्णतया बंद करने के लिए खनन विभाग द्वारा लगातार कार्यवाही की जा रही है इसी कड़ी में बुधवार को खान एवं भू विज्ञान विभाग एवं हरियाणा राज्य प्रवर्तन ब्युरो, मिमारपुर की संयुक्त टीम के द्वारा खनिज से लोड़ वाहनों की चैकिंग की गई। उपायुक्त डॉ. मनोज कुमार ने बताया कि चैकिंग के दौरान एक वाहन को अवैध खनिज के साथ पकड़ा गया जिसको पुलिस थाना कुंडली में सुपर्द किया गया। खनन विभाग के अधिकारी अनिल कुमार ने बताया कि अवैध खनिजों से लोड़ वाहनों की दिन-रात चैकिंग की जा रही है।

# प्रस्तावित बस स्टैंड की जगह का किया निरीक्षण, विधानसभा में उठेंगे मुद्दे

- विधायक निखिल मदान आमजन से जुड़े एक दर्जन से अधिक तारांकित और अतारांकित प्रश्नों के जरिए उठाएंगे सोनीपत विधानसभा की आवाज़

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोनीपत

हरियाणा विधानसभा का बजट सत्र शुक्रवार से शुरू होगा। सोनीपत विधायक निखिल मदान ने बताया कि बजट सत्र में सोनीपत विधानसभा से जुड़े लगभग एक दर्जन से अधिक प्रश्नों को उन्होंने विधानसभा में रखा है और सरकार से चर्चा का समय मांगा है।

विधायक निखिल मदान ने सोनीपत की ट्रैफिक जाम की समस्या को दूर करने के लिए सामान्य बस स्टैंड को सेक्टर 7 में शिफ्ट किए जाने को लेकर एचएसवीपी के अधिकारियों के साथ प्रस्तावित जगह का मुआयना किया है। सेक्टर 7 की प्रस्तावित जगह राष्ट्रीय राजमार्ग के साथ लगती है और बस स्टैंड के लिए पूरी तरह से उपयुक्त जगह है। विधायक निखिल मदान ने कहा कि इसके साथ सामान्य अस्पताल में सुविधाएं बेहतर करने, चिकित्सकों के बैकलॉग को पूरा करने, प्रसूति विभाग की नई बिल्डिंग का काम शुरू करवाने, मिशन चौक ओवरब्रिज को चौड़ा करने, ड्रेन नंबर 6 को ढकने के कार्य को जल्द पूरा करने, शहर में भव्य दशहरा ग्राउंड बनाने को लेकर भी सरकार से सकारात्मक कार्यवाही की मांग की जाएगी। इस अवसर पर एचएसवीपी विभाग के सहायक अभियंता अमित वशिष्ठ, कनिष्ठ अभियंता रोहित कुमार, कुलदीप वत्स इत्यादि अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।



सोनीपत। सेक्टर 7 में नए बस स्टैंड की प्रस्तावित जगह का निरीक्षण करते हुए विधायक निखिल मदा साथ में अधिकारीगण। फोटो: हरिभूमि

### यें प्रमुख मांगें

इसके अतिरिक्त शहर में सौंदर्यीकरण को लेकर पांच पांडव द्वारों को जल्द पूरा करने, शहर में 133 के वी के नए सबस्टेशन लगाने, बहालगढ़ रोड पर बनी ऑटो मार्केट को सेक्टर 3 में शिफ्ट करने, सोनीपत में अत्याधुनिक स्टेडियम बनवाने, सेक्टर 3 में निगम कार्यालय के निर्माण कार्य को पूरा करवाने में , सोनीपत में लेजर वैली पार्क बनवाने, भू स्वामित्व योजना के तहत 20 सालों से मालिकाना हक रखने वाले लोगों की रजिस्ट्री करवाने के लिए भी सरकार से मांग की जाएगी।

# 12वीं के विद्यार्थियों ने दी फाइन आर्ट की परीक्षा, केंद्रों पर रहा कड़ा सुरक्षा पहरा

- हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड द्वारा संचालित की जा रही हैं परीक्षाएं, वीरवार को जिले में बनाए गए थे अलग-अलग 36 परीक्षा केंद्र
- सीसीटीवी और पुलिस की निगरानी में हुई परीक्षा, शांतिपूर्ण रही

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोनीपत

हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड परीक्षाएं चल रही हैं और परीक्षाओं को नकल रहित संचालित करवाने के लिए शिक्षा विभाग, जिला प्रशासन व पुलिस ने पूरी ताकत झोंक रखी है। इसकी बानगी वीरवार को 12वीं के वैकल्पिक विषय की परीक्षा में दिखाई दी। लगभग हर परीक्षा केंद्र पर पुलिस सुरक्षा चौकस नजर आई। हालांकि वैकल्पिक विषय की परीक्षा होने के कारण परीक्षा केंद्र भी कम थे और परीक्षार्थियों की संख्या भी कम ही थी। वीरवार को परीक्षा शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हुई। वीरवार को जिले में कुल 36 परीक्षा केंद्र ही बनाए गए थे, जिन पर 12वीं के विद्यार्थियों ने फाइन आर्ट विषय का पेपर दिया। नकल रोकने के लिए



सोनीपत। परीक्षा केंद्र के बाहर तैनात पुलिस कर्मी। फोटो: हरिभूमि

### रही बेहतर व्यवस्था

हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड की तरफ से वीरवार को 12वीं कक्षा का फाइन आर्ट विषय का पेपर हुआ। जिले में बनाए गए 36 परीक्षा केंद्रों पर पेपर शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हुआ। नकल रोकने के लिए सभी परीक्षा केंद्रों पर बेहतर व्यवस्थाएं की गई हैं।
-कृष्ण रोहिल्ला, बोर्ड अधीक्षक, सोनीपत

### आज हिंदी का पेपर देंगे 10वीं के विद्यार्थी

बोर्ड परीक्षा के दौरान शुक्रवार को 10वीं कक्षा के विद्यार्थी मातृभाषा हिंदी विषय का पेपर देंगे। पेपर को लेकर विद्यार्थी तैयारियों में जुटे हैं तो वहीं पुलिस ने भी बाहरी हस्तक्षेप को पूरी तरह नियंत्रित किया है। बाहरी हस्तक्षेप पर शिकंजा कसने का ही परिणाम है कि अब तक जिले में नकल को कोई भी मामला सामने नहीं आया है। नकल पर नकेल के लिए बोर्ड के साथ सभी एसडीएम व जिला शिक्षा अधिकारी के उड़नदस्ते भी परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण कर रहे हैं।

## एसडीएम ने किया फरमाणा स्थित परीक्षा केंद्र का दौरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ खरखौदा

एसडीएम डॉ. निर्मल नागर ने गुरुवार को फरमाणा स्थित परीक्षा केंद्र का दौरा किया। उन्होंने हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड की दसवीं और बारहवीं की परीक्षाओं का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने परीक्षा केंद्र अधीक्षकों, लाइनमैन और ड्यूटी पर तैनात पुलिसकर्मियों को सख्त निर्देश दिए कि किसी भी प्रकार की ढील न बरती जाए। एसडीएम ने कहा कि परीक्षा शांतिपूर्ण तरीके से संचालित की जा रही है और प्रशासन पूरी तरह सतर्क है। उन्होंने निर्देश दिए कि यदि किसी बाहरी व्यक्ति का हस्तक्षेप नजर आता है तो तुरंत सूचना दें, ताकि सख्ती से निपटा जा सके।



खरखौदा। परीक्षा केंद्र का दौरा करते एसडीएम डॉ. निर्मल नागर।

ड्यूटी पर तैनात पुलिसकर्मियों को भी सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं। निरीक्षण में एसडीएम ने परीक्षा केंद्र के प्रबंधन और सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा की। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि कोई अनुचित गतिविधि करता पाया गया, तो उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

# हाइवे पर चलती कार बनी आग का गोला

## मुरथल ढाबे पर जाते समय हादसा

- हादसे के समय कार में सवार थे चार लोग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोनीपत

सोनीपत के ईस्टर्न पेरीफेरल एक्सप्रेसवे पर चलती कार आग का गोला बन गई। कार में लगी आग ने कुछ ही मिनटों में इतना भयंकर रूप धारण कर लिया कि आसमान में आग के काले गुब्बारों का बादल छा गया. बता दें, की कार में चार लोग सवार थे जो यूपी के नोएडा से मुरथल जा रहे थे।

वही गनीमत रही कि कार में आग लगने से पहले ही चारो लोग कार बाहर निकल गये. जिससे चारो लोगो की जान जाते-जाते बाल-बाल बच गयी. आग की सूचना पाकर मौके पर पहुंचे नेशनल हाईवे के अधिकारियों ने बताया कि उन्हें कार में आग लगने की सूचना मिली थी. कार सवारों से पूरा मामले की पूछताछ कर आगामी कार्यवाही अम्ल में लायी जायेगी। दरअसल, मामला ईस्टर्न पेरीफेरल एक्सप्रेसवे पर स्थित जखोली टोल प्लाजा से कुछ ही दूरी का है. जहां एक इकोस्पोर्ट कार पलक झपकते ही आग के गोले में तब्दील हो गई. ड्राइवर की माने तो कार में चार लोग सवार थे जोकि यूपी के नोएडा से मुरथल ढाबे पर जा रहे थे लेकिन जैसे ही उन्हें गाड़ी में धुआं उठता दिखाई दिया वैसे ही चारों लोग गाड़ी से बाहर निकल गए और ड्राइवर के ऐतिहात बरतने से चारों लोगों की जान बाल बाल बच गई।

उधर गाड़ी में आग लगने से गाड़ी से निकले गुब्बार काले बादल की तरह आसमान में छा गए। वहीं सूचना पाकर मौके पर पहुंची नेशनल हाईवे की टीम ने घटनास्थल का जायजा लिया वे गाड़ी में मौजूद लोगों से पूछताछ की इसके बाद उन्होंने बताया कि नेशनल हाईवे के नियम अनुसार कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

# अज्ञात वाहन की टक्कर से गाड़ी पलटी, दूल्हे के भाई की मौत

- दुल्हन, दूल्हा व मौसेरा भाई घायल, चिड़ाना गांव के पास हादसा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गोहाना

रोहतक-पानीपत हाइवे स्थित गांव चिड़ाना के निकट अज्ञात वाहन की टक्कर से गाड़ी पलट गई। गाड़ी में सवार दूल्हे के भाई की मौत हो गई। दुल्हन, दूल्हा, और उनका मौसेरा भाई घायल हो गए। वे दुल्हन को मायके मिलाकर लौट रहे थे। राहगीरों ने घायलों को गांव खानपुर कलां स्थित अस्पताल और मृतक को गांव इसराना स्थित एनसी कालेज के अस्पताल लेकर गए। मौसेरे भाई की शिकायत पर सदर थाना में केस दर्ज किया गया। गांव खानपुर कलां के नवीन ने पुलिस को बताया कि उसके मौसा सुरेंद्र गांव महमूदपुर के हैं और अब परिवार के साथ आदर्श नगर में रहते हैं। उनका बेटा अंकित नैवी में नौकरी करता है। अंकित की रविवार को अंकित की शादी थी और सोमवार रात को यमुनानगर बरात गई। बुधवार को अंकित की पत्नी सिमरन को मायके मिलाने के लिए यमुनानगर गए। रात लगभग हम नौ बजे वापस चल पड़े। गाड़ी को अंकित का छोटा भाई राजेश चला रहा था और वह उसके साथ आगे बैठा था। अंकित व उसकी पत्नी सिमरन पीछे बैठे थे। रात लगभग 12 बजे वे गांव चिड़ाना के पास पहुंचे तो तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने उनकी गाड़ी को साइड से टक्कर मार दी। उनकी गाड़ी पलट गई और चारों को चोटें लगी। राहगीरों ने उसे, अंकित और सिमरन को गांव खानपुर कलां स्थित बीपीएस राजकीय महिला मेडिकल कालेज पहुंचाया। अंकित को वहां से आरआर अस्पताल दिल्ली ले जाया गया। दूसरे राहगीरों ने राजेश को पानीपत के इसराना स्थित एनसी कालेज के अस्पताल पहुंचाया, जहां पर उसे मृत घोषित कर दिया। हादसे के बाद शादी की खुशियों की जगह मातम पसर गया। अंकित मुंबई में कार्यरत हैं और लेफ्टिनेंट कमांडर है।

## ऑटो सवार महिला के गले से सोने की चेन झपटी, केस

- ऑटो सवार दूसरी महिला पर लगा आरोप

**सोनीपत।** मुरथल थाना क्षेत्र में ढाबे पर खाना-खाने जा रही महिला के गले से सोने की चेन चोरी करने का मामला सामने आया है। महिला ने मामले को लेकर पुलिस को अवगत करवाया। पुलिस ने इस संबंध में चोरी का मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। खटीक मोहल्ला निवासी कोमल ने बताया कि वह परिवार के साथ सुखदेव ढाबे पर खाना खाने के लिए जा रही थी। बस स्टैंड से मुरथल के लिए ऑटो में सवार हो गई। ऑटो के अंदर भीड़ ज्यादा थी। उसके बाद उसे ध्यान आया तो गले से मंगलसूत्र गायब था। ऑटो में उसके साथ करीब 40 साल की एक महिला बैठी थी। आशंका है कि उसी ने चोरी की वारदात को अंजाम दिया है। मामले को लेकर पुलिस को अवगत करवाया।

# नाबालिग लड़की से दुष्कर्म मामले में गिरफ्तार हुए तुषार को भेजा जेल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गन्नौर

नाबालिग लड़की से दुष्कर्म व आत्महत्या के लिए मजबूर करने के मामले में गिरफ्तार हुए तुषार को जीआरपी ने वीरवार को अदालत में पेश किया। अदालत ने मामले की सुनवाई करते हुए आरोपित को जेल भेजने के आदेश दिए, जिसके बाद पुलिस ने आरोपित को जेल भेज दिया। वहीं वीरवार को मृतका का खानपुर मेडिकल में पोस्टमार्टम करवाया गया। पोस्टमार्टम के बाद स्वजन ने गांव में उसका अंतिम संस्कार किया गया। स्वजन बाकी आरोपितों की भी गिरफ्तारी की मांग कर रहे हैं। जीआरपी चौकी इंचार्ज उप निरीक्षक सुरेश कुमार ने बताया कि पुलिस बाकी आरोपितों की तलाश कर रही है। वहीं पोस्टमार्टम की रिपोर्ट आने के बाद ही दुष्कर्म की पुष्टी की जा सकती है।



आरोपित तुषार को अदालत लेकर जाती जीआरपी।

**यह था मामलाः** गन्नौर और भोड़वाल माजरी रेलवे स्टेशन के बीच 17 वर्षीय नाबालिग ट्रेन के सामने कूदकर आत्महत्या कर ली। सूचना के बाद जीआरपी चौकी पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में कर पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल में भिजवा दिया। मृतका के पिता ने जीआरपी में तीन आरोपितों के खिलाफ शिकायत दी थी। जिसमें कई दिनों से गांव का ही तुषार व कमल ने उसकी बेटी को अपने जाल में फसा रखा था।

# नागरिक अस्पताल में उपचार के लिए आए बुजुर्ग की मौत

हरिभूमि न्यूज़ ▶▶ सोनीपत

नागरिक अस्पताल में बृहस्पतिवार को एक बुजुर्ग इलाज के लिए ओपीडी में पहुंचा । पत्नी इलाज के लिए कक्ष के बाहर कतार में खड़ी थी। इसी दौरान बुजुर्ग पास की बेंच पर बैठा गया। कुछ देर बाद अचानक गिर पड़ा। अस्पताल स्टाफ ने तुरंत आपातकालीन कक्ष में पहुंचाया। डेढ़ घंटे तक डॉक्टरों व स्टॉफ की टीम ने बचाने की कोशिश की। लेकिन जान नहीं बचा सके। बुजुर्ग की पहचान 61 वर्षीय वीरेंद्र के रूप में हुई। वह मलिक कॉलोनी, गोहाना रोड का रहने वाला था। सुबह 9 बजे पत्नी के साथ अस्पताल पहुंचा था। पंजीकरण काउंटर पर खुद कतार में लगकर पर्ची बनवाई। फिर फिजिशियन कक्ष के बाहर लगी कतार के कारण पास की बेंच पर बैठ गया। मृतक की पत्नी ने बताया कि पांच मिनट बाद अचानक बेंच से गिर पड़ा। इससे पहले कभी ऐसी कोई समस्या नहीं हुई थी।



सोनीपत। आपातकालीन कक्ष में बुजुर्ग को बचाने का प्रयास करते चिकित्सक व स्टॉफ कर्मी। फोटो: हरिभूमि

- आपातकालीन कक्ष में बुजुर्ग को बचाने के लिए डॉक्टर करते रहे प्रयास पर नहीं मिली सफलता

### अचानक छाती में हुआ दर्द

ओपीडी में बुजुर्ग उपचार करवाने के लिए आया था। वह ओपीडी के बाहर बेंच पर बैठा था अचानक उसकी छाती में दर्द हुआ और वह गिर गया। स्टॉप कर्मियों ने ओपीडी के बाहर उसे सीपीआर दी उसके बाद आपातकालीन कक्ष में लाया गया जहां उसकी उपचार के दौरान मौत हो गई। परिजनों ने बताया कि करीब 5 से 6 दिन पहले भी अस्पताल में उपचार के लिए आया था उसके बाद परिजन उसे रोहतक ले गए थे। टीम ने करीब 1 घंटे तक मेहनत की उसे बचाने के लिए लेकिन उसे बचा नहीं पाए।
-डा सीमा सिंह, फिजिशियन नागरिक अस्पताल।

# ग्राहक बनकर आए चोर, आठ हजार ले उड़े

- पीड़ित के बयान पर चोरी का मुकदमा दर्ज, पुलिस मामले की जांच में जुटी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोनीपत

सिविल लाइन थाना क्षेत्र में स्थित बड़ा बाजार में जूते के शोरूम से हजारों रुपये की राशि के चोरी होने का मामला सामने आया है। चोरी की वारदात दुकान में लगे सीसीटीवी में कैद हो गई।
पबड़ा बाजार स्थित बूट हाउस में तैनात सेल्समैन अशोक ने बताया कि वह बुधवार को अपनी दुकान पर मौजूद था। करीब तीन बजे के बाद दो युवक व एक महिला दुकान पर पहुंचे। दुकान पर आए ग्राहकों को उन्होंने जूतें दिखाने के लिए कहा। काफी देर तक वह बदल-बदल कर जूते देखते रहे। इस दौरान एक युवक ने गल्ले से आठ हजार रुपये की नकदी चुरा ली।

### की जा रही जांच

दुकान से आठ हजार रुपये की राशि के चोरी होने का मामला सामने आया है। इस संबंध में मुकदमा दर्ज कर लिया है। सीसीटीवी की जांच की जा रही है। जल्द से जल्द चोर का पता लगाकर आगामी कार्यवाही अमल में लाई जायेगी।
-सतबीर सिंह, प्रभारी सिविल लाइन थाना।

### दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हुई वारदात

दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे की फुटेज में दिख रहा है। कि एक महिला और दो युवक के जूते देख रहे हैं। जहां सेल्समैन दुकान के रैक से अलग-अलग जूते उतार कर दिखा रहा है। सीसीटीवी में नजर आ रहा है कि तीनों मौके की फिराक में है। वह वह चोरी की नियत से ही दुकान में आए है। इस बीच एक युवक के दुकान के मुख्य गेट की तरफ से जूता देखने के लिए जाता है और सेल्समैन को दूसरी तरफ उधर बुला लेता है। महिला युवक को गल्ले की तरफ जाने का इशारा कर रही है और युवक कुछ सेकेंड में गल्ले से रुपये निकाल लेता है।

# शराब ठेके पर लूट, ग्राहक से फोन और चेन छीनी

- मुरथल के पास दो नकाबपोशों ने दिया वारदात को अंजाम

हरिभूमि न्यूज़ ▶▶ सोनीपत

राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 44 पर मुरथल के पास नकाबपोश दो बदमाशों ने पिस्टल के बल पर शराब ठेके पर लूट की वारदात को अंजाम दिया है।

इस दौरान बदमाश शराब खरीद रहे युवक पर पिस्टल तान उसका आइफोन और ढाई तोले सोने की चेन भी छीन ले गए। शराब खरीद रहे युवक ने मामले की शिकायत पुलिस को दी है। शिकायत पर थाना मुरथल पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। उत्तर प्रदेश के रहने वाले कपिल आर्य बुधवार की रात को कार से दिल्ली से पानीपत जा रहे थे। जब मुरथल के पास स्थित लीला ग्रैंड होटल के नजदीक पहुंचे तो कार रोक कर शराब ठेके पर बीयर लेने के लिए चले गए। जब वह बीयर खरीद रहे थे तो बाइक पर सवार होकर आए दो नकाबपोश युवक ठेके में घुस आए। उन्होंने आते ही काउंटर पर मौजूद सेल्समैन पर पिस्टल तान दी और गल्ले से रुपये निकाल कर उसकी तरफ पिस्टल तानी। बदमाशों ने उसे पास बुलाकर गले से सोने की चेन तोड़ ली। जाते-जाते उसके आइफोन छीन ले गए। इसके बाद बाइक पर सवार होकर फरार हो गए। जिसके बाद सूचना पुलिस को दी। मामले को लेकर थाना मुरथल प्रभारी राजीव का कहना है कि आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है। वहीं, ठेके से कितने रुपये की राशि लूटी गई है। इसकी भी जानकारी जुटाई जा रही है।

# वार्षिक खेलकूद स्पर्धा में अमित बाल्यान बने बेस्ट एथलीट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोनीपत

सोनीपत के प्रतिष्ठित शिक्षण संस्थान छोटू राम आर्य महाविद्यालय में वार्षिक खेलकूद स्पर्धा का आयोजन किया गया। जिसका शुभारंभ मुख्य अतिथि टीकाराम एजुकेशन समिति सोनीपत के प्रधान सुरेन्द्र सिंह दहिया व विशिष्ट अतिथि भारतीय हाकी टीम ओलंपियन, अर्जुन अवार्डी अभिषेक नैन द्वारा किया गया।

100 मीटर रेस पुरुष वर्ग में साहिल, 200 मीटर रेस पुरुष वर्ग में अमित, महिला वर्ग में पूजा, 400 मीटर रेस पुरुष वर्ग में अमित बालयान, महिला वर्ग में पूजा, 800 मीटर रेस पुरुष वर्ग में सुमित दहिया, महिला वर्ग में पूजा, 1500 मीटर रेस पुरुष वर्ग में रजत प्रथम रहे। लांग जंप पुरुष वर्ग में हैप्पी, ऊंची कूद पुरुष वर्ग में प्रवीण, शॉटपुट पुरुष वर्ग में हितेश, जैवलिन थ्रो पुरुष वर्ग में सनोज, डिस्कस थ्रो में हितेश, लांग जंप महिला वर्ग में अंजलि प्रथम रहे। बेस्ट एथलीट का खिताब अमित बाल्यान को प्राप्त हुआ।




सोनीपत। विजेता खिलाड़ियों को सम्मानित करते हुए प्रधान सुरेंद्र दहिया, अर्जुन अवार्डी अभिषेक नैन एवं अन्य। फोटो: हरिभूमि

## चिराग ने यूथ हरियाणा स्टेट ताइक्वांडो चैंपियनशिप में जीते दो स्वर्ण पदक

**सोनीपत।** ज्ञान गंगा ग्लोबल स्कूल (जी-3) के प्रतिभाशाली ताइक्वांडो खिलाड़ी चिराग ने यूथ हरियाणा स्टेट ताइक्वांडो चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन करते हुए दो स्वर्ण पदक जीतकर सोनीपत जिले का नाम रोशन किया। पल्लवी ने अलीपुर, दिल्ली में आयोजित लड़कियों की ओपन बैडमिंटन टूर्नामेंट के एकल मुकाबले में दूसरा स्थान हासिल किया, जबकि छात्र नक्श की टीम ने ओपन क्रिकेट टूर्नामेंट का खिताब जीता। नक्श ने शानदार प्रदर्शन करते हुए फाइनल मैच में फाइटर ऑफ द मैच का खिताब हासिल किया। स्कूल पहुंचने पर तीनों प्रतिभाशाली खिलाड़ियों का फूलमालाओं से जोरदार स्वागत किया गया। चेयरमैन सुधीर जैन, सीईओ संजय जैन, डायरेक्टर ध्रुव जैन व स्कूल की प्राचार्या गीता चोपड़ा ने उन्हें बधाई दी।



सोनीपत। ज्ञान गंगा ग्लोबल स्कूल के पदक विजेता खिलाड़ी स्कूल की प्राचार्या गीता चोपड़ा के साथ। फोटो: हरिभूमि

सेलिब्रेशन

# होली पर रंग-बिरंगी मस्ती

बच्चे होली पर रंग खेलने के साथ खूब मौज-मस्ती करते हैं। टीवी के चाइल्ड आर्टिस्ट्स बता रहे हैं कि उनकी अब तक की कौन-सी होली, खूब मस्ती भरी और यादगार रही? इस बार उनकी होली पर क्या खास प्लानिंग है? इन चाइल्ड आर्टिस्ट्स का **बालभूमि** के अपने दोस्तों के लिए क्या मैसेज है? जानो, इन्हीं की जुबानी।



## होली का असली मजा मिलजुल कर रंग खेलने में है: जारा वारसी



**एंड टीवी** के शो 'हप्पू की उलटन पलटन' में चमची की भूमिका निभा रही जारा वारसी के लिए होली का त्योहार खास अहमियत रखता है। वह कहती है, 'मैं भले ही किसी दूसरे धर्म की हूं, लेकिन होली का त्योहार मेरे लिए हमेशा से खास रहा है। मैं पूरे उत्साह-उमंग से अपने दोस्तों के साथ होली मनाती हूं।' होली का एक मेमोरेबल इंसिडेंट जारा बताती है, 'एक बार मैं अपने स्कूल के दोस्तों के साथ पहली बार कॉलोनी में होली खेल रही थी। हम सब दोस्त एक-दूसरे पर वाटर बैलून फेंक रहे थे, गलती से एक बैलून पास से गुजर रहे अंकल को लग गया। हम घबरा गए कि अब हमें डांट पड़ेगी, लेकिन उन्होंने भी हंस कर हमें रंग लगा दिया। उस पल ने मुझे सिखाया कि होली का असली मजा हंसी-मजाक और मिलजुल कर रंग खेलने में ही है।' इस वर्ष होली को लेकर अपनी खास प्लानिंग के बारे में जारा बताती है, 'इस बार मैं अपने शो के कलाकारों के साथ सेट पर भी होली सेलिब्रेट करूंगी। साथ ही, घर पर एक छोटी-सी गेट-टुगेदर भी रखी है। मैं अबकी नेचुरल कलर से ईको-फ्रेंडली होली खेलूंगी, ताकि लोगों को किसी तरह कोई परेशानी न पहुंचे।' 'बालभूमि' के दोस्तों को होली का मैसेज देते हुए जारा कहती है, 'मैं अपने सभी प्यारे दोस्तों से कहना चाहूंगी कि होली हमेशा मिलजुल प्यार से खेलें। किसी पर जबरदस्ती रंग न डालें। पानी की बर्बादी से बचें, ईको-फ्रेंडली रंगों का इस्तेमाल करें। दोस्तों संग होली की मस्ती करें और खूब हंसें-खिलखिलाएं।' *

## इस बार अपने ऑनस्क्रीन मम्मी-पापा के साथ रंग खेलूंगा: कविश खुंगर



**कविश खुंगर** को इन दिनों शेमारू उमंग के शो 'मैं दिल तुम धड़कन' में कान्हा की भूमिका में दर्शक खूब पसंद कर रहे हैं। कविश से जब बात होती है कि उसकी सबसे मेमोरेबल होली कौन सी थी, तो वह चहकते हुए बताता है, 'मेरी सबसे मजेदार और मेमोरेबल होली पिछले साल की थी। मैंने वाटरगन की मदद से ढेर सारे वॉटर बैलून खुद तैयार किए। मम्मी-पापा और अपने फ्रेंड्स को रंग लगाया। इन सबने भी मुझे रंग लगाया। फिर मैंने गुलाब जामुन, गुझिया, पेड़ा और कई सारी मिठाइयां खाईं। घर आए अपने दोस्तों के साथ मैंने खूब डांस भी किया।' कविश को होली फेस्टिवल बहुत पसंद है। वह बताता है, 'मैं होली पर अपने दोस्तों के साथ खूब मस्ती करता हूं, हम एक-दूसरे को रंग लगाते हैं। इस दिन हमें मस्ती करने से कोई रोकता नहीं है।' इस बार होली पर अपनी प्लानिंग के बारे में भी कविश बताता है, 'अबकी बार मैं शो के सेट पर अपने ऑनस्क्रीन मम्मी-पापा (वृंदा-केशव) के साथ भी रंग खेलूंगा। मैं सेट पर सभी के लिए मिठाइयां लेकर भी जाऊंगा। खूब एंज्वॉय करूंगा।' 'बालभूमि' के अपने दोस्तों को कविश मैसेज देता है, 'सभी दोस्त अच्छे से रंग खेलें और होली की मस्ती करते वक्त इस बात का ख्याल रखें कि किसी को चोट न लगे। मिठाइयां खाएं-खिलाएं। होली का दिन खूब हंसी-खुशी के साथ एंज्वॉय करें। सभी को हैप्पी होली...।' *

## ऑर्गेनिक कलर्स से खेलें होली: श्रेया पटेल



**सोनी सब** के शो 'तेनाली रामा' में पद्मावती का किरदार निभा रही बाल कलाकार श्रेया पटेल अपनी सबसे मेमोरेबल होली को याद करते हुए बताती है, 'मेरी अब तक की सबसे यादगार होली वह थी, जब मैं आउटडोर शूट के लिए उमर गांव गई थी। चूंकि वहां बहुत लंबा शूट चला, इसलिए सभी के साथ मेरी बहुत ही प्यारी बॉन्डिंग बन गई थी। सेट पर सबसे छोटी होने के कारण मैं सबकी लाडली थी। हमने वहां जमकर होली खेली और अपने को-एक्टर्स के साथ खूब मस्ती की। परिवार और दोस्तों के साथ तो हम हर साल होली मनाते ही हैं, लेकिन पहली बार अपने को-एक्टर्स के साथ होली मनाने का मजा ही कुछ और था।' श्रेया इस बार की होली को लेकर अपनी प्लानिंग बताती है, 'अबकी मैं 'तेनाली रामा' के सेट पर ही मस्ती और धमाल वाली होली मनाना चाहती हूं। इस शो की टीम के साथ मेरी बहुत प्यारी बॉन्डिंग हो चुकी है, यह मेरा दूसरा परिवार बन चुका है।' 'बालभूमि' के दोस्तों को मैसेज देते हुए श्रेया कहती है, 'मैं अपने सभी दोस्तों से यही कहना चाहूंगी कि होली खूब खेलें और जमकर मस्ती करें, लेकिन जितना हो सके पानी बचाएं, सूखे अबीर-गुलाल ज्यादा इस्तेमाल करें। हार्मफुल केमिकल कलर्स के बजाय नेचुरल या ऑर्गेनिक कलर्स का ही इस्तेमाल करें। अपने परिवार और दोस्तों को भर-भर के रंग लगाएं और बोलें, 'बुरा न मानो, होली है...!' *

## पापा से अपनी होली की डिमांड बता दी है: वृही कोडवारा



**सोनी सब** के शो 'पुष्पा इंपॉसिबल' में स्वरा पटेल के किरदार से दर्शकों का मन मोह रही वृही कोडवारा से जब उसकी सबसे यादगार होली की बात होती है तो वह हंसते हुए बताती है, 'लास्ट ईयर की होली मेरी अब तक की बेस्ट होली थी, क्योंकि मैंने दो-दो बार होली मनाई थी।

एक बार घर पर और दूसरी बार 'पुष्पा इंपॉसिबल' के सेट पर राशि दीदी, प्रार्थना दीदी, दादू, चिराग भैया, दीप्ति दीदी, अश्विन दादा और बहुत सारे लोगों के साथ होली की मस्ती की थी। घर पर फैमिली और फ्रेंड्स के साथ होली मनाने में मजा तो आता है, लेकिन सेट पर बहुत सारे लोगों के साथ होली मनाने का कुछ अलग ही मजा है। सेट पर दोनों काम एक साथ हो जाते हैं, होली भी मन जाती है और शूट भी हो जाता है।' वृही इस बार की अपनी होली की प्लानिंग बताती है, 'वैसे तो हम हमेशा कलर्स और पिचकारी के साथ ही होली खेलते हैं, लेकिन इस बार का कुछ अलग प्लान है।

मैंने पापा से अपनी डिमांड बोलकर रखी है कि इस बार हम लोग एक रिसॉर्ट पर जाएंगे। पूल में खेलेंगे, होली मनाएंगे और बहुत मजे करेंगे।' होली पर वृही का बालभूमि के अपने दोस्तों को मैसेज है, 'सभी लोग हमेशा नेचुरल कलर से होली खेलें और पानी की बचत करें। मेरी तरफ से अपने सभी फ्रेंड्स को 'हैप्पी होली...!' *

**प्रस्तुति**
बालभूमि फीचर्स

कविता / देवी प्रसाद गौड़

## प्यार बांटती घर-घर होली



विदा हो गए टोपा, जर्सी,
सर्दी भागी होली आई।
बचपन की मस्ती संग लिए,
खुशियों से झोली भर लाई।।
ठंड रही ना गर्मी ज्यादा,
रंग-रंगीला मौसम आया।
झूम उठे फूलों पर भौंरे
जंगल में टेसू हरषाया।।
हफ्ते भर की छुट्टी होंगी,
कई दिनों तक खेलें होली।
सोहन, मोहन, शंकर, शालू,
घर से चलें बनाकर टोली।।
कितना भी छुप लेना कोई,
सबके मुंह कर देंगे काले।
लाल गुलाल मलें गालों पर,
हम सब होली के मतवाले।।
प्यार बांटती घर-घर होली,
आपस में हम गले मिलेंगे।
बड़े बुजुर्गों से नतमस्तक,
प्यार भरा शुभ आशीष लेंगे।।
खूब छकेंगे माल-मिठाई,
पूआ-पूड़ी और कचौड़ी।
जहां जाएंगे वहीं मिलेंगे,
टिकिया-भल्ले चाट-पकौड़ी।।
चना-मटर की फली करारी,
दादी भूने जौ के दाने।
लठमार होली देखेंगे,
द्वार-द्वार ढप-ढोल सुहाने।।
तरह-तरह के खेल तमाशे,
जब बस्ती में चले हुरंगा।
नाचें-गाएं मुंह मटकाएं,
तन-मन होते रंगमरंगा।।

तुम्हारे लिए नई किताबें / विज्ञान भूषण

## मजेदार कविताएं-रोचक उपन्यास



बच्चों, तुम्हारे लिए मजेदार-ज्ञानवर्धक कविताओं की एक किताब कुछ समय पूर्व छपकर आई है। 'पचपन रंग बचपन के' शीर्षक वाली इस किताब में कुल पचपन कविताएं संकलित हैं। इन कविताओं में तुम्हें विज्ञान, भूगोल, प्रकृति और बच्चों के मन की बातों के साथ ही कुछ नटखटपन से भरी अलग-अलग रंगों की कविताएं भी पढ़ने को मिलेंगी। यहां कुछ कविताएं ऐसी हैं, जिन्हें पढ़कर तुम्हें लगेगा कि अरे, ऐसा तो मैं भी सोचता/सोचती हूं! 'सोच रहा बंटी मन ही मन' और 'पापा तुमने कभी न जाना' ऐसी ही कविताएं हैं। इन दिनों तुम सब होली खेलने की तैयारी कर रहे होगे। हर रंग की क्या खासियत है, इसे 'रंगों की लड़ाई' कविता में पढ़ सकते हो। किताब की सभी कविताएं पढ़ने में तुम्हें बहुत मजा आएगा। *

**किताब**: पचपन रंग बचपन के, **रचनाकार**: अखिलेश श्रीवास्तव चमन, **मूल्य**:200 रुपए, **प्रकाशक**: अद्विक पब्लिकेशन, दिल्ली



बच्चों, अभी कुछ समय पहले ही एक बहुत रोचक बाल उपन्यास 'एक गुलाबी भैंसा अलग सा' छपकर आया है। यह टाइटल पढ़कर तुम सोच रहे होगे कि भैंसा वो भी गुलाबी! तुमने अब तो काले रंग की ही भैंस देखी होंगी। लेकिन इस किताब में एक नन्हे से गुलाबी रंग के भैंसे की ही कहानी है। वो नन्हा सा भैंसा अपने अलग आकार और रंग के कारण अपने समूह में बिल्कुल अलग दिखता है। उसकी सोच भी बहुत अलग है। उसके मन में कैसे-कैसे सवाल उठते हैं, वो क्यों किसी खतरनाक जानवर से भी नहीं डरता है, वह कैसे हर हाल में खुश रह लेता है, जंगल के सब जानवर उसे क्यों प्यार करते हैं? यह सब जानने के लिए तुमको यह रोचक किताब पढ़नी होगी। यह किताब पढ़ने में तुम्हें मजा तो आएगा ही, बहुत कुछ सीखने को भी मिलेगा। *

**किताब**: एक गुलाबी भैंसा अलग सा, **लेखक**: समीर गांगुली, **मूल्य**: 199 रुपए, **प्रकाशक**: फ्लाईड्रीम्स पब्लिकेशंस, दिल्ली

कहानी

डॉ. नागेश पांडेय 'संजय'

## होली वालतुक्कल!

होली के ऐन पहले सार्थक के पापा का ट्रांसफर चेन्नई हो गया। वहां का अलग कल्चर, अलग भाषा, नए लोग, कोई दोस्त भी नहीं...। ऐसे में कैसी रही सार्थक की होली?

सार्थक ने होली के त्योहार को लेकर क्या-क्या नहीं सोच रखा था, लेकिन ऐन मौके पर उसके पापा का ट्रांसफर ऑर्डर आ गया। अब ट्रांसफर तो उनका होता ही रहता है। इसी बहाने सार्थक को नई-नई जगह घूमने का मौका मिलता है, उसे खूब मजा भी आता है। लेकिन होली पर यह ट्रांसफर, उफ!

सार्थक के पापा अफसर हैं। चेन्नई पहुंचने पर उनका शानदार वेलकम हुआ। उन्हें वहां फर्निश्ड और डेकोरेटेड फ्लैट मिला था। सार्थक की मम्मी ने चेन्नई निकलने से पहले होली को ध्यान में रखते हुए ढेर सारी गुझिया, कचरी, पापड़, चिप्स वगैरह बनाकर रख लिए थे। सार्थक ढेर सारा रंग, गुलाल और अलग-अलग तरह की चार पिचकारियां ले आया था। उसने कई जोड़ी नए कपड़े भी लिए थे। सार्थक के मम्मी-पापा साथ में झालर और होलिका दहन के लिए एक बोरी में रखकर गोबर के कंडे भी लेकर आए थे।

नए घर के बाहर भी साफ-सफाई करवा दी गई थी। यात्रा की थकान दूर होने के बाद मम्मी ने रंगोली बनाई। लकड़ियां इकट्ठा की गईं। पापा ने कंडे लगाकर होलिका सजा दी फिर पापा-मम्मी गुझिया लेने अंदर चले गए।

सार्थक अकेले ही अपनी पिचकारी हाथ में लिए उछल-उछल गाने लगा, 'होली आई, होली आई। हम मस्तों की टोली आई। पचक लगी, पच कंडा दे। होली आई, होली आई...।'

तभी उसे सामने से एक हमउम्र बच्चा आता दिखा। उसने हाथ जोड़कर सार्थक से कहा, 'वणक्कम।'

सार्थक उसकी भाषा तो नहीं समझा, लेकिन उसने भी नमस्ते कहते हुए हाथ जोड़ लिए।

उस बच्चे ने पूछा, 'एन्न पन्नुरिंगा?'

सार्थक फिर कुछ नहीं समझा। उसे चुप देख वह बच्चा बोला, 'एन्नाचु?'

सार्थक फिर चुप।

अब उसने जोर से आवाज लगाई, 'अप्पा! अक्का! नींगल वारंगल...।'

तुरंत ही पास के मकान से उस बच्चे के पापा और बड़ी बहन बाहर आ गए। इधर शोर सुन सार्थक के मम्मी-पापा भी आ गए। उन सभी का आपस में परिचय हुआ। उस बच्चे का नाम था शेखरन और उसकी बड़ी बहन थी राम्या। शेखरन के पापा हिंदी बोल लेते थे, लेकिन उनकी हिंदी मजेदार लगी। उन्होंने पूछा, 'आप लोग कब आईं? यह क्या कर रही हैं?'



पापा ने जब उन्हें होली के बारे में बताया तो वे बहुत खुश हुए। उन्होंने कहा, 'फिर तो हमारा पोंगल का त्योहार भी थोड़ा वैसा। बस, हम रंग नहीं खेलते।'

पोंगल का नाम सुनकर सार्थक को अपनी टेक्स्ट बुक में पढ़ा हुआ पाठ याद आ गया। घरों को रंगा जाता है। पुराने सामान हटाए जाते हैं। होली की तरह ही फसल कटाई का उत्सव मनता है। पारंपरिक पकवान बनते हैं। सब नाचते-गाते हैं। आंखों पर पट्टी बांधकर मटकी फोड़ते हैं।

पापा उनसे बोले, 'आपके राज्य में तो वैसे भी कितने सारे रंग बिखरे पड़े हैं। मैंने चेन्नई का मरीना बीच देखा है। वहां तो रोज ही सुबह-शाम को होली जैसा नजारा होता है।

समुद्र का नीला पानी। दमकती सुनहरी रेत। ताड़ के हरे पेड़। लाल रंग का सूरज और रंग-बिरंगे कपड़े पहने घूमते ढेर सारे लोग।'

शेखरन के पापा जब कुछ बोलते तो राम्या के सिर पर हाथ फेरने लगते। इस बार तो राम्या के सिर पर लगा फूलों वाला गजरा ही खुलने लगा। वह पीछे हट गई। सब हंसने लगे।

उन्होंने बताया, 'वैसे यहां भी हम होली मनाते। उसे काम-दहनम बोलते। पर उसका तरीका थोड़ा डिफरेंट है। हां, कुछ बातें एक जैसी हैं। जैसे गोबर के गोले तो हम भी जलाते हैं।' उन्होंने होली के कंडों की ओर इशारा करते हुए कहा।

सार्थक बड़े गौर से शेखरन-राम्या के पापा की बातें सुन रहा था। उसे उनकी हिंदी बहुत मजेदार लगी। वह सोच रहा था कि अगर वह स्कूल में ऐसे बोले या लिखे तो मैडम कितनी डांट लगाएंगी। एग्जाम में तो नंबर ही कट जाएंगे।

तभी शेखरन ने सार्थक की पिचकारी को छूकर कहा, 'अप्पा, इद एन्नके बेनू' तो उसके पापा ने मना करने के अंदाज में उसे समझाया, 'इल्ले।'

मम्मी को समझते देर न लगी कि शेखरन पिचकारी मांग रहा है। वह जल्दी से अंदर जाकर पिचकारी ले आईं। सार्थक से कहा, 'यह अपने नए दोस्त को गिफ्ट करो।'

पिचकारी पाकर शेखरन 'नंद्री' कहते हुए मुस्कुराया। जैसे धन्यवाद दे रहा हो फिर सार्थक से बोला, 'नी पाडू।'

उसके पापा हंसे। बोले, 'यह कह रहा है, तुम गाओ।'

सार्थक को याद आया कि जब वह पिचकारी लिए गा रहा था, उसी वक्त तो शेखरन वहां आया था।

सार्थक गाने लगा। शेखरन भी उछलते हुए उसकी पंक्तियों को दोहराने लगा। अब तो वहां ढेर सारे लोग इकट्ठे हो गए।

शेखरन के पापा ने सार्थक के सिर पर हाथ रखते हुए कहा, 'तुम शेखरन को हिंदी सीखा देना। यह तुमको तमिल सीखाएगी।'

सार्थक ने हंसते हुए शेखरन को गले से लगा लिया।

मम्मी भी हंसीं, 'वाह! यह तो होली मिलन भी हो गया।'

वहां मौजूद सारे लोग जोर से तालियां बजाते हुए बोले, 'होली वालतुक्कल.. ! होली वालतुक्कल.. !'

उनकी भाषा भले ही समझ में न आ रही हो, लेकिन भावों से साफ जाहिर था कि वे कह रहे हैं, 'होली मुबारक..! होली मुबारक..!' *

बूझो तो जानें

गौरीशंकर वैश्य विनम्र



1 रंग-मिलन का प्रिय त्योहार।
फागुन में आता हर बार।
लोग अबीर-गुलाल लगाते।
बोलो! कौन-सा पर्व मनाते?

2 होली आते ही कर देते
रंग खेलने की तैयारी।
किसमें भरकर रंग छोड़ते
जो सबको लगती है प्यारी?

3 भक्त प्रह्लाद को गोदी लेकर,
जला देने की युक्ति रची थी।
भक्त प्रह्लाद बचे जलने से,
बुआ कौन, जो नहीं बची थी?

4 पिता प्रह्लाद का हिरण्यकश्यप
उसने पुत्र को बहुत सताया।
ज्योंही मार डालना चाहा
किसने आकर शीघ्र बचाया?

5 मौसम मनभावन हो जाता
ऋतुओं का राजा है कौन?
इस ऋतु में ही होली आती
नाम बताओ, रहो न मौन?

उत्तर : 1.होली 2.पिचकारी 3.होलिका 4.नृसिंह भगवान 5.बसंत

## जीके क्विज- 144



1. टाइम मैग्जीन ने 'वूमेन ऑफ द ईयर-2025' की लिस्ट में किस भारतीय महिला को शामिल किया है?
2. 71वीं सीनियर नेशनल कबड्डी चैंपियनशिप की विजेता टीम का नाम क्या है?
3. अभी हाल ही में भारत के किस राज्य में महाकुंभ का समापन हुआ?
4. छत्तीसगढ़ के वर्तमान राज्यपाल का नाम क्या है?
5. अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस कब मनाया जाता है?
6. ब्रिटिश राज में भारत का प्रथम वायसराय किसे नियुक्त किया गया था?
7. किस भारतीय समाज सुधारक ने ब्रह्म समाज की स्थापना की थी?
8. वन संरक्षण से संबंधित 'चिपको आंदोलन' का नेतृत्व किसने किया था?
9. किस ग्रह को 'भोर का तारा' भी कहा जाता है?
10. रेडियो का आविष्कार किस साइंटिस्ट ने किया था?

बच्चों, जीके क्विज-144 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे। तुम अपने जवाब हमें **balbhoomihb@gmail.com** पर मेल कर सकते हो।

**जीके क्विज-143 का उत्तर:** 1.रमन इफेक्ट, 2.जगदीश चंद्र बसु, 3.होमी जहांगीर भाभा, 4.डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम, 5.बेंगलुरु, 6.महाराजा जयसिंह द्वितीय, 7.ज्ञानेश कुमार, 8.एन चंद्रशेखरन, 9.चितरंजन दास, 10.स्वामी दयानंद सरस्वती

**जीके क्विज-143 का सही उत्तर देने वाले:** रुशील-खैरागढ़, शुभम-बलौदा बाजार, गुंजा-रायपुर, बिंदा ध्रुव-बलौदा बाजार, रमेश-कोरबा, कबीर-हिसार, रमेश-रायगढ़, रोहित-बिलासपुर, अंजना-बालोद, साकेत-दुर्ग, दिव्या-बालोद

## रंग भरो-170

**रंग भरो-170** में दिए गए चित्र को तुम लोगों ने बहुत अच्छे से रंगकर हमें भेजा। उनमें से चुना गया सबसे अच्छा चित्र हम यहां प्रकाशित कर रहे हैं। उसे रंगकर भेजने वाले बच्चे के चित्र के साथ कुछ अन्य बच्चों के नाम और चित्र भी प्रकाशित कर रहे हैं।





डॉली, दुर्ग



वेदिका, बालोद



गणिका, झज्जर



रिद्धि-भिवानी



अर्पिता-दुर्ग



जिया-कोंडागांव

### इनके भी चित्र रहे प्रशंसनीय

खुशबू-दुर्ग, रितिका-जांजगीर, दिव्या-रायपुर, पूजा-बलौदा बाजार, अंजू-बिलासपुर, मुकेश-भोपाल, विनय-रायपुर, मोनिका-दुर्ग, खुशी-बालोद, अमन-रायपुर, नेहा-बिलासपुर, गोविंद-रायपुर, संजय-अंबिकापुर, कल्पना-राजनांदगांव, शुभम-बालोद

## रंग भरो 171



बच्चों, यहां होली खेलते हुए बच्चों का एक ब्लैक एंड व्हाइट चित्र दिया गया है। चित्र को मनचाहे रंगों से रंग कर हमें भेजो। जिस बच्चे का चित्र सर्वश्रेष्ठ होगा, उसे हम बालभूमि में प्रकाशित करेंगे। चित्र के साथ अपनी फोटो, अपना और शहर का नाम हमें इस पते पर भेजो- संपादक - फीचर, हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सेंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली- 110035 या ई-मेल आईडी balbhoomihb@gmail.com पर मेल करो।



## खबर संक्षेप

### स्वयंसेविकाओं ने नशे के खिलाफ किया जागरूक

**सोनीपत।** जीवीएम गर्ल्स कालेज की एनएसएस इकाई के तत्वावधान में गांव रामनगर में एक दिवसीय शिविर का आयोजन करते हुए नशे के विरोध में जागरूकता की अलख जगाते हर घर आयुर्वेद और स्वास्थ्य का संदेश दिया। संस्था के प्रधान डा. ओपी परूथी व प्राचार्या डा. मंजुला ने सफल आयोजन की बधाई देते स्वयंसेविकाओं को राष्ट्र व समाज सेवा के लिए समर्पित रहने के लिए प्रोत्साहित किया।

### विदेश भेजने के नाम पर लाखों रुपये की राशि ऐंठी

**सोनीपत।** शहर थाना क्षेत्र में विदेश भेजने के नाम पर अधिवक्ता से लाखों की राशि के ऐंठने के आरोप का मामला सामने आया है। पीड़ित ने मामले को लेकर पुलिस आयुक्त कार्यालय में शिकायत दी। शिकायत को संबंधित थाने में भेजा गया। जहां पुलिस ने आरोपित दंपति के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस आरोपितों की तलाश के प्रयास कर रही है।

### कानूनी सेवाओं के प्रति जागरूक शिविर कल

**सोनीपत।** मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी एवं जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण के सचिव प्रचेता सिंह ने बताया कि जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण द्वारा स्कूली बच्चों को जिला वैकल्पिक विवाद समाधान केंद्र की सेवाओं के बारे, कानूनी सेवा संस्थानों मध्यस्थता केंद्र राष्ट्रीय कानूनी सेवा प्राधिकरण की गिरफ्तारी से पहले, गिरफ्तारी व रिमांड चरण में न्याय तक शीघ्र पहुंच योजना तथा नालसा की राष्ट्रीय कानूनी हेल्पलाइन संख्या 15100 के बारे में जागरूक करने के लिए कैंप आयोजित किए जाएंगे।

### धोखाधड़ी करने का आरोपित गिरफ्तार

**सोनीपत।** कुंडली थाना सोनीपत पुलिस ने फैक्टरी में कर्मचारियों द्वारा जालसाजी व धोखाधड़ी करने की वारदात में शामिल आरोपित को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित पवन निवासी प्रताप गढ़ यूपी का है। पुलिस ने आरोपित को अदालत में पेश किया। जहां से उसे पांच दिन के पुलिस रिमांड पर भेजा है। रिमांड अवधि के दौरान आरोपित से पूछताछ की जा रही है।

### गोहाना: तीन दिवसीय वार्षिकोत्सव सम्पन्न

**गोहाना।** गांव आहुलाना में आर्य समाज के 3 दिवसीय 92वें वार्षिकोत्सव गुरुवार को सम्पन्न हो गया। समापन हवन के साथ हुआ। हवन केवल्य मुनि के ब्रह्मत्व में सम्पन्न हुआ जिसमें समाज के प्रतिनिधियों ने मंत्रोच्चारण के साथ आहुतियां डाली। मुख्य यजमान मास्टर नसीब आर्य, विजयपाल आर्य, देवव्रत आर्य व मास्टर सैशन मलिक सपत्नीक सम्मिलित हुए।

### राष्ट्रीय विधि विवि में मनाया फिट इंडिया वीक

**सोनीपत।** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पखवाड़ा के अंतर्गत डॉ. बीआर आंबेडकर राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय सोनीपत एवं भारतीय खेल प्राधिकरण के संयुक्त तत्वाधान में फिट इंडिया वीक विश्वविद्यालय के प्रांगण में मनाया गया। इस दौरान अंतरराष्ट्रीय कि कबॉक्सिंग कोच सुधीर तथा उनके टीम सदस्यों पिंकी, संगीता, मोनिका, प्राची मलिक, मोहित , राम प्रकाश आदि ने छात्राओं को आत्मरक्षा की विधियां सिखाई।

---

## नपाध्यक्ष अरुण त्यागी की अध्यक्षता में बैठक

# गन्नौर नपा: 39.99 करोड़ रुपये का बजट किया पास

## नगरपालिका कर्मचारियों पर अपनी मनमानी करने का लगाया आरोप

अधिकतर पार्षदों ने विकास कार्यों, गली नाली निर्माण, स्ट्रीट लाईटों व सफाई कार्यों को ले कर कड़ी नाराजगी जताई



गन्नौर। नगरपालिका बजट बैठक में मौजूद नपाध्यक्ष अरुण त्यागी, पार्षद व नपा अधिकारी। फोटो :हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶। गन्नौर

नगरपालिका का बजट पास करने को लेकर वीरवार को बैठक नपाध्यक्ष अरुण त्यागी की अध्यक्षता में हुई बैठक हुई। इस बैठक में भी अधिकतर पार्षदों ने अपने वार्डों में विकास कार्यों, गली नाली निर्माण, स्ट्रीट लाईटों व सफाई कार्यों को ले कर कड़ी नाराजगी जताई। हालांकि बाद में नपाध्यक्ष के आश्वासन के बाद पार्षदों ने वर्ष 2025-26 के लिए 39 करोड़ 99 लाख 11 हजार 500 रुपये का बजट पास किया। बैठक में मौजूद पार्षदों ने कहा कि उनके वार्डों में सफाई व्यवस्था का बुरा हाल है। सफाई कर्मचारी सफाई नही करते, अगर शिकायत करते है तो उनके खिलाफ कोई कार्रवाई नही करते। नालों की सफाई नही होती। इसके अलावा प्रधानमंत्री आवासीय योजना के तहत जरूरतमंद लोगों को तीसरी किश्त मिल नही रही। जिनकों जरूरत नही थी उनके मकान भी बनकर तैयार हो गए। नगरपालिका के कर्मचारी अपनी मनमानी करते है। उनके काम कहने पर सुनवाई भी नही करते। पार्षदों ने नगरपालिका अध्यक्ष पर भी भेदभाव के आरोप लगाए। उन्होंने कहा कि वार्डों में विकास कार्य शुरू होते हैं और इस बारे में पार्षदों को कोई सूचना तक नहीं दी जाती। खुद अध्यक्ष उनके उद्घाटन पर पहुंच जाते हैं। वार्डों में कार्यों होने के बाद बिना पार्षदों के संज्ञान में लाए ठेकेदारों को पेमेंट कर दी जाती है, जबकि काम अधूरे पड़े रहते हैं। उन्होंने ठेकेदार को पेमेंट करने से पहले पार्षदों की अनुमति लेने की मांग करी। इसके अलावा सभी 17 वार्डों में 50-50 लाख रुपये के विकास कार्यों के टेंडर जल्द लगवाने की मांग की।

### 14 दिन में बन जाएंगे टेंडर

नगरपालिका अध्यक्ष अरुण त्यागी ने आश्वासन दिया कि दो वार्डों में 50-50 लाख रुपये के विकास कार्यों के एस्टिमेट बन चुके हैं। जिनका टेंडर लगा दिया जाएगा। वहीं 14 दिन के भीतर बाकी बचे वार्डों का भी एस्टिमेट तैयार करवा कर उनका टेंडर लगा दिए जाएंगे। वहीं स्ट्रीट लाइट के लिए एजेंसी को टेंडर अलाट होने के बाद सभी वार्डों में नई स्ट्रीट लाइट लगवा दी जाएंगी। जिसके बाद पार्षदों ने बजट पास किया। नगरपालिका अध्यक्ष को चेताया कि अगर निर्धारित समय पर टेंडर नही लगे तो वे उनके खिलाफ मोर्चा खोल देंगे।

---

# अस्सी ने रक्तदान का पुण्य कमाया

■ माहरा गांव स्थित बाबा बंसी वाला मंदिर में शिविर का किया आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶। गोहाना



गोहाना। रक्तदाताओं को आशीर्वाद देते हुए स्वामी अच्युतानंद महाराज।

माहरा गांव स्थित बाबा बंसी वाला मंदिर में गुरुवार को सत्संग समारोह के साथ रक्तदान शिविर आयोजित किया गया। शिविर में तीन महिलाओं समेत 80 नागरिकों ने रक्तदान का पुण्य बटोरा। शिविर में पीजीआई रोहतक से डॉ. वंदना की टीम रक्त संकलन के लिए पहुंची। कार्यक्रम बाबा बंसी वाला ग्रामोत्थान समिति माहरा द्वारा आयोजित किया। रक्तदान शिविर के लिए सानिध्य हरिद्वार से श्री श्री 1008 अच्युतानंद तीर्थ जी महाराज और स्वामी हरिहरानंद जी महाराज का रहा। मुख्य अतिथि सोनीपत लोकसभा क्षेत्र के सांसद सतपाल ब्रह्मचारी थे। संयोजन सत्यनारायण का रहा। अध्यक्षता पवन गोयल ने की। उन्होंने शिविर में अपने दो पुत्रों सौरभ गोयल और गौरव गोयल के अलावा तीन भतीजे नितिन गोयल, विकास गोयल और तेजस गोयल के साथ रक्तदान किया। शिविर में तीन महिलाओं में जगवती, कमलेश और रितु ने रक्तदान का पुण्य कमाया। आयोजन समिति में डॉ. प्रमोद, समुंद्र मलिक, कर्ण सिंह और चेतन जबकि विशेष रक्तदाताओं में ठसका गोशाला के पूर्व अध्यक्ष सुमेर जैन और पूर्व सरपंच नरेन्द्र दूहन ने रक्तदान किया।



खरखौदा। शिविर में मौजूद स्वयं सेविकाएं व शिक्षक। फोटो :हरिभूमि

### स्वदेशी वस्तुओं को अपनाने का आह्वान

**खरखौदा।** कन्या महाविद्यालय खरखौदा की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई-दो के सात दिवसीय शिविर के चौथे दिन की शुरूआत स्वयं सेविकाओं ने प्रभात फेरी निकालकर की। स्वयं सेविकाओं ने गांव आनंदपुर में गरीब बच्चों और बुजुर्गों को फल और कैलेंडर वितरित किए। महाविद्यालय के अंग्रेजी विभाग से एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. सीमांत ने स्वदेशी अपनाओ देश को समृद्ध बनाओ विषय पर अपना व्याख्यान दिया। उन्होंने छात्राओं को प्रेरित किया कि हम सभी को अपने देश में निर्मित वस्तुओं का ही इस्तेमाल करना चाहिए और देश की अर्थव्यवस्था को मजबूत बनाने में सहयोग करना चाहिए। आज युवा वर्ग विदेशी चीजों के प्रति ज्यादा आकर्षित है उनका विदेश में पढ़ाई करना, वहां पर नौकरी करना और वहीं पर अपने परिवार स्थापित करना विदेशी डॉलर को मजबूत बनाता है। जिससे भारतीय इकोनॉमी पर विपरीत प्रभाव पड़ता है। उन्होंने सभी छात्राओं को संकल्प दिलवाया कि वे अपने दैनिक जीवन में ज्यादा से ज्यादा स्वदेशी को ही अपनाएंगे। स्वयं सेविकाओं ने पर्यावरण सुरक्षा तथा रक्तदान महादान विषयों पर सुंदर पोस्टर बनाएं।

### नि:शुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया

खरखौदा। ठाकुर जी की रसोई और युवा शक्ति क्लब के सौजन्य से लाला जय नारायण धर्मशाला में एक नि:शुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें नेत्र जांच एवं ऑपरेशन, न्यूरोथैरेपी, फिजियोथैरेपी, हड्डियों की जांच, स्त्री रोग व जनरल फिजिशियन जैसी चिकित्सा सेवाएं प्रदान की गईं, जिससे सैकड़ों जरूरतमंदों को लाभ मिला। शिविर के संयोजक नीरज गुप्ता ने बताया कि अभियान के तहत 206 मरीजों की आंखों की जांच की गई। इनमें से 17 मरीजों को शेख सराय, दिल्ली स्थित वेणु आई हॉस्पिटल में मोतियाबिंद के नि:शुल्क ऑपरेशन के लिए भेजा गया। मरीजों के आने-जाने, ठहरने और भोजन की व्यवस्था आयोजन समिति द्वारा पूरी तरह फ्री की गई। इसके अलावा, आंखों की सामान्य बीमारियों की जांच की और मुफ्त दवाइयां वितरित की गईं। अपोलो अस्पताल, दिल्ली की टीम द्वारा जनरल फिजिशियन, स्त्री रोग, हड्डियों की जांच आदि की गई।

---

### मार्शल आर्ट्स के गुर सिखाए

सोनीपत। हिंदू कॉलेज सोनीपत द्वारा श्रीराम कृष्ण साधना केंद्र मुरथल में सात दिवसीय एनएसएस शिविर का आयोजन किया जा रहा है। शिविर के तीसरे दिन की शुरुआत सुबह स्वयंसेवकों ने प्रभात फेरी निकाल कर की। इसके बाद डॉ. सतीश पाराशर ने बच्चों को योग का प्रशिक्षण दिया। सुबह के सत्र में जयविंदर और आईसीटीसी काउंसलर जितेंद्र ने एचआईवी/ एड्स और नशा मुक्ति के प्रति बच्चों को जागरूक किया। इसके बाद डॉ. अनीता सिंह, ट्रेनर, हार्ट फुलनेस मेडिटेशन सेंटर ने बच्चों को मेडिटेशन करवाया। आरआरसी ऑफिस से संजय ने बच्चों को फर्स्ट एड का प्रशिक्षण दिया और सीपीआर देने की वर्कशॉप करवाई। शाम के सत्र में रोहिणी आर्य ने मार्शल आर्ट के गुर सिखाए। उन्होंने बताया कि किस तरह से हम मार्शल आर्ट के द्वारा अपनी रक्षा कर सकते हैं।




सोनीपत। शिविर के दौरान मार्शल आर्ट्स सिखाते हुए। फोटो :हरिभूमि



कार्यक्रम के दौरान उपस्थित अतिथि साथ में अधिकारी एवं अन्य।

### जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

**सोनीपत।** आयकर विभाग सोनीपत कार्यालय द्वारा अग्रिम कर को लेकर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया , जिसमें करदाताओं को समय पर कर भुगतान करने के लिए प्रोत्साहित किया गया। अवसर पर क्षेत्रीय कर निर्धारण आयकर अधिकारी सोनीपत अशोक उन्नति ने कहा कि 15 मार्च से पहले अग्रिम कर की अंतिम किस्त जमा करना आवश्यक है। उन्होंने बताया कि करदाताओं को अपनी अनुमानित कुल कर देनदारी का 90% तक अग्रिम कर के रूप में भुगतान करना चाहिए। आयकर अधिनियम के अनुसार, यदि किसी करदाता की कर देनदारी 10,000 रुपये से अधिक होती है, तो उसे अग्रिम कर जमा करना अनिवार्य है। आयुक्त जसमेर सिंह, श्याम गुप्ता, अमित दहिया, चार्टर्ड अकाउंटेंट महेश नागपाल, रमेश वाधवा, अनुज मंगला, सरस जैन व एडवोकेट नरेंद्र आदि मौजूद थे।

### पं लेखराम को किया याद

सोनीपत। आर्यवीरदल सोनीपत द्वारा वीरवार को पटेल पार्क, काठमंडी में पं लेखराम का 128 वां बलिदान दिवस मनाया गया। यज्ञ के साथ आरंभ हुए इस कार्यक्रम मे आचार्य सुरेश ने बताया कि पंडित लेखराम आर्यसमाज के प्रमुख नेता, कार्यकर्ता एवं वैदिक धर्म के प्रचारक थे। अहमदिया समुदाय के नेता मिर्जा गुलाम अहमद से शास्त्रार्थ एवं उसके दुष्प्रचारों के खण्डन के लिए वे विशेष रूप से प्रसिद्ध है। जिला संचालक भगतसिंह ने अपने वक्तव्य में कहा कि वे उन महान हस्तियों में शामिल हैं। जिन्होंने धर्म की बलिवेदी पर अपने प्राण न्यौछावर कर दिए। आचार्य संदीप श्रेयार्थी ने बताया कि उन्होंने अपने प्राणों की परवाह न करते हुए हिंदुओं के मतान्तरण को रोका व शुद्धि अभियान के प्रणेता बने। जिसके परिणामस्वरुप 6 मार्च 1897 को एक मतान्ध द्वारा उनका बलिदान हुआ।



सोनीपत। यज्ञ के दौरान शामिल आर्य वीरदल के पदाधिकारी एवं अन्य।



खरखौदा। महाविद्यालय में विजेता टीम को सम्मानित करते हुए।

### राजकीय कालेज की टीम प्रथम

**खरखौदा।** शहीद दलबीर सिंह राजकीय कालेज पीपली की टीम ने जीवीएम गर्ल्स कॉलेज में 5 मार्च को आयोजित जिला स्तरीय ऐतिहासिक वस्तुओं की प्रदर्शनी में प्रथम स्थान हासिल किया है। इतिहास विभागाध्यक्ष डॉ किरन सरोहा के नेतृत्व में प्रथम स्थान हासिल करने वाली टीम में हिमांशु बीए द्वितीय वर्ष, विशाल बीए द्वितीय वर्ष तथा देव बीए द्वितीय वर्ष के छात्र शामिल रहे। इस जिला स्तरीय प्रदर्शनी में सोनीपत के कई महाविद्यालयों ने प्रतिभागिता की थी। जिसमें सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए महाविद्यालय ने प्रथम स्थान हासिल किया। महाविद्यालय पहुंचने पर विजेता टीम को समस्त महाविद्यालय की तरफ से प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। डॉ किरन सरोहा के नेतृत्व में महाविद्यालय ने कई बार विभिन्न जिला तथा प्रदेश स्तरीय प्रतियोगिताओं में स्थान हासिल किए हैं।

---

# निबंध लेखन में नितिन अव्वल

■ कूड़ा-करकट का उचित प्रबंध करने के लिए जागरूक किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶। खरखौदा




खरखौदा। प्रकृति और मानवता को संरक्षित करने को निकाली रैली।

शहर के पीएम श्री राजकीय विद्यालय में पीएम श्री योजना के तहत हरित विद्यालय कार्यक्रम के तहत प्रकृति और मानवता को संरक्षित करने के लिए रैली का आयोजन किया गया। विद्यार्थियों में पर्यावरण की समझ पैदा करने के लिए हरित विद्यालय योजना का संचालन किया । जिसका उद्देश्य विद्यार्थियों को विद्यालय की सह शैक्षणिक गतिविधियों में पर्यावरण संरक्षण की अवधारणा को अनिवार्य करना है। इसके अंतर्गत विद्यालय में पर्यावरण संरक्षण से संबंधित वार्ता, निबंध लेखन, स्लोगन लेखन, पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्राचार्या निर्मल धनेरवाल ने संरक्षण रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। उन्होंने विद्यार्थियों को पर्यावरण संरक्षण, पौधारोपण, प्लास्टिक का उपयोग न करने, कूड़ा करकट का उचित प्रबंध करने के बारे में जागरूक किया।

### प्रतियोगिता में ये रहे विजेता

निबंध लेखन प्रतियोगिता में नितिन ने प्रथम, कुणाल ने द्वितीय व अनमोल ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में आदित्य ने प्रथम, लक्ष्य ने द्वितीय, दीपांशु ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। स्लोगन लेखन प्रतियोगिता में गगन ने प्रथम, मनु ने द्वितीय, शुभम ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। सभी विजेता विद्यार्थियों को प्राचार्या निर्मल धनेरवाल द्वारा सम्मानित किया गया।

### विज्ञान प्रतियोगिता में मुस्कान-तनीषा द्वितीय



सोनीपत। एनआरएस कॉलेज रोहतक में अंतर जिला विज्ञान प्रतियोगिता की गई। इस प्रतियोगिता में टीकाराम गर्ल्स कॉलेज के मनोविज्ञान विभाग की कंचन सिद्धर के मार्गदर्शन में छात्राओं ने अपने मांडल को प्रस्तुत किया। जिसमें छात्रा मुस्कान व तनीषा ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। इस पर कॉलेज प्राचार्या गीता ने छात्राओं को द्वितीय स्थान प्राप्त करने पर बधाई दी। टीका राम एजुकेशन सोसायटी के प्रधान सुरेन्द्र दहिया ने छात्राओं को बधाई देकर उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

# स्वर्णप्रस्थ स्कूल में मानसिक स्वास्थ्य और खुशहाली विषय पर कार्यशाला

■ सीबीएसई की क्षमता संवर्धन कार्यक्रम के अंतर्गत आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶। राई




राई। कार्यशाला में विचार व्यक्त करते हुए मुख्य वक्ता। फोटो :हरिभूमि

स्वर्णप्रस्थ पब्लिक स्कूल में सीबीएसई की क्षमता संवर्धन कार्यक्रम के अंतर्गत मानसिक स्वास्थ्य और खुशहाली विषय पर कार्यशाला हुई। जिसमें मुख्य वक्ता भावना सहगल, वंदना सिंघल, अनुराधा भारद्वाज, टीनू भारती, आरती बत्रा, अर्जुन धामा रहे। स्कूल ने अध्यापकों को भाग-दौड़ भरी जिन्दगी में आत्म संयम एवं सकारात्मक मानसिक स्वास्थ्य को बनाए रखने के लिए यह कार्यशाला आयोजित की। जिसका उद्देश्य जीवन में खुशहाल वातावरण के निर्माण के साथ यह भी निर्धारित करना था कि स्वस्थ्य एवं खुशहाल मन से ही कक्षा शिक्षण को प्रभावी बनाया जा सकता है। यह छात्रों एवं अध्यापकों के बीच में समझ एवं दायित्वबोध के लिए आवश्यक है। प्रधानाचार्य रोहित, मुख्याध्यापक एसपी सिंह, मुख्याध्यापिका मेघा कौशिक सहित शिक्षक मौजूद रहे।

---

**कार्यक्रम** महिला दिवस के उपलक्ष पर नारी शक्ति रत्न अवार्ड 2025 को मनाया

# सोनीपत: रिश्तों में नियत की परख रखें आज की युवा पीढ़ी : भाटिया

सराहनीय कार्य करने पर 34 महिलाओं को स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶। सोनीपत



सोनीपत। अतिथियों का स्वागत करते संघ के पदाधिकारी। फोटो :हरिभूमि

मानव अधिकार संरक्षण संघ द्वारा हैप्पी चाइल्ड कॉलेज आफ नर्सिंग में महिला दिवस के उपलक्ष पर नारी शक्ति रत्न अवार्ड 2025 को मनाया गया। मुख्य अतिथि हरियाणा महिला आयोग की अध्यक्ष रेणु भाटिया रही। उन्होंने कहा कि अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस प्रतिवर्ष, 8 मार्च को विश्व के विभिन्न क्षेत्रों में महिलाओं के प्रति सम्मान, प्रशंसा और प्रेम प्रकट करते हुए, महिलाओं के आर्थिक, राजनीतिक और सामाजिक उपलब्धियों एवं कठिनाइयों की सापेक्षता के उपलक्ष्य में उत्सव के तौर पर मनाया जाता है। उन्होंने छात्राओं एवं अन्य उपस्थित महिलाओं को कहा कि वह बाहरी किसी भी तरह का सम्बंध बनाने से पहले सामने वाले कि नियत को समझने का प्रयास करें। अगर कभी बहक जाने से कोई गलती हो जाए तो उसके बारें सबसे पहले अपने परिजनों को बताएं, बाहरी व्यक्ति को बताएंगे तो वह उस अवस्था में भी आपका फायदा उठाने का प्रयास करेंगे। संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष जयवीर गहलावत ने कहा कि संघ द्वारा महिलाओं के उत्पीड़न के मामलों संघ द्वारा कानूनी सहायता प्रदान की जाती रही है। राष्ट्रीय चेयरमैन संजय सिंगला द्वारा संघ की उपलब्धियों से आगन्तुकों को अवगत करवाया।सामाजिक, खेल, स्वास्थ्य, वाणिज्य एवं अन्य क्षेत्रों में सराहनीय कार्य करने वाली संतोष राठी, कमलेश, कृष्णा मोर सहित 34 महिलाओं को स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया।

### ये रहे मौजूद

भाजपा जिला अध्यक्ष जसबीर दोदवा, प्रदेश सचिव किरण बाला, प्रताप सिंह मेमोरियल स्कूल की प्रिंसिपल दया आर्य, चाइल्ड प्रोटेक्शन अधिकारी रजनी गुप्ता, सुनीता लोहचब, महिला थाना प्रभारी कविता, हेमंत नांदल, शशिकरण नासा, राजपाल गुलिया, दिनेश वर्मा, सतपाल राणा, प्रिंसिपल चेतना मौजूद रही।



सोनीपत। कार्यक्रम के दौरान भाजपा वरिष्ठ नेता राजीव जैन एवं अन्य।

### सिंह चक्र विधान का आठ दिवसीय पाठ प्रारंभ

**सोनीपत।** दिगंबर जैन मंदिर मंडी में धूमधाम से सिंह चक्र विधान का आठ दिवसीय पाठ शुरू हुआ। पाठ शुरू होने से पूर्व बैंड बाजों के साथ शांतिनाथ भगवन की प्रतिमा का नगर भ्रमण करवाया गया, यात्रा में महिलाएं सिर पर कलश उठाये साथ चल रही थी। मुख्यमंत्री के पूर्व मीडिया सलाहकार एवं वरिष्ठ भाजपा नेता राजीव जैन ने विधि विधान के साथ पूजा अर्चना करके ध्वजारोहण किया और यात्रा में जैन ध्वज लिए साथ चले। जैन ने सम्बोधन में सिंह चक्र विधान के आयोजन के लिए बधाई दी और कहा कि जैन परम्परा में सिंह चक्र महामंडल विधान का विशेष महत्व है, इस विधान को करने से आध्यात्मिक शांति एवं आंतरिक संतुलन मिलता है। देवीवाड़ा सिथत जैन मंदिर में भगवन चंद्रा प्रभु के निर्वाण का लड्डू अर्पित किया। उन्होंने लड्डू अर्पित करने के बाद निर्वाण दिवस की बधाई दी और कहा कि भक्ति के जरिये कर्म चक्र को तोड़कर मोक्ष की प्राप्ति और 24 तीर्थकरों की जीवन हमें त्याग, तप, तपस्या युक्त दिनचर्या अपनाने की प्रेरणा देता है।

**सरपंच ग्राम पंचायत, नूरण खेड़ा**
**खण्ड मुण्डलाना, तह. गोहाना (सोनीपत) हरियाणा**

**नीलामी सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत नूरण खेड़ा, खण्ड मुण्डलाना, जिला सोनीपत में चार तालाबों को मछली पालन हेतू पट्टे पर देने के लिए खुली बोली दिनांक 20.03.2025 को सुबह 11 बजे सामान्य चौपाल में होनी निश्चित हुई है। सिक्योरिटी राशि 50000/- रूपये है। बोलीदाता आधार कार्ड व अनुसूचित जाति का प्रमाण पत्र साथ लेकर आएं। बाकी शर्तें मौके पर सुना दी जाएंगी।

हस्ता/-सरपंच
ग्राम पंचायत नूरण खेड़ा,
जिला सोनीपत
मो. नं. 9485746039

**खबर संक्षेप**

## एसडीएम ने दिए ड्यूटी मजिस्ट्रेट को निर्देश

**खरखौदा।** निर्वाचन अधिकारी एवं एसडीएम डा. निर्मल नागर ने चुनाव ड्यूटी मजिस्ट्रेट की बैठक ली और उन्हें आवश्यक हिदायतें दीं। उन्होंने कहा कि कन्या कॉलेज बने स्ट्रांग रूम में जो ईवीएम मशीनें रखी हुई हैं, उनकी सुरक्षा में किसी भी तरह की कोताही बरती गई तो संबंधित ड्यूटी मजिस्ट्रेट व सुरक्षाकर्मियों के खिलाफ सख्त एक्शन लिया जाएगा।

## अदालती फैसले पर 8 तक कब्जा कार्रवाई के आदेश

**खरखौदा।** खंड खरखौदा में पंचायती जमीन पर कब्जा करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की तैयारी शुरू कर दी है। जिला उपायुक्त ने सभी उपमंडल अधिकारियों निर्देश दिए हैं कि 8 मार्च तक उन सभी जमीनों पर कब्जा लिया जाए। जिन जमीनों पर पंचायतों ने केस किया था और केस का फैसला पंचायतों के हक में आने के बाद भी अभी तक पंचायतों ने अपना कब्जा नहीं लिया है। एसडीएम डा. निर्मल नागर ने इस कार्य के लिए तीन ड्यूटी मजिस्ट्रेट नियुक्त किए हुए हैं, जिनमें तहसीलदार मनोज कुमार, नायब तहसीलदार अशोक कुमार व खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी आस्था गर्ग हैं।

## प्रशासन ने गांवों में हटवाए अवैध कब्जे

**गोहाना।** उच्च न्यायालय के आदेश पर गुरुवार को प्रशासन द्वारा कई गांवों में भूमि से अवैध कब्जे हटवाए। कब्जे हटवाने के लिए प्रशासनिक अमला गांवों में जेसीबी लेकर पहुंचा। एसडीएम अंजलि श्रोत्रिय के अनुसार उच्च न्यायलय के आदेशानुसार गोहाना उपमंडल के विभिन्न गांवों में अवैध कब्जे हटाने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। अवैध कब्जे हटवाने बारे ड्यूटी मजिस्ट्रेट नियुक्त किए गए हैं। नियुक्त किए गए सभी ड्यूटी मजिस्ट्रेट को उच्च न्यायालय के आदेशानुसार 8 मार्च से पहले कब्जे हटाकर रिपोर्ट कार्यालय में प्रस्तुत करनी होगी।

# कृषि विभाग की चिंता बढ़ी : गन्ने की खेती से दूरी बनाने लगे किसान

### 33 हजार एकड़ से घटकर 22 हजार हुआ रकबा, विभाग आयोजित करेगा किसान मेला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

■ किसान मेले में जिले के लगभग 500 गन्ना उत्पादक किसान शामिल होंगे

जिले में किसान गन्ने की खेती से दूर होते जा रहे है। जिससे कृषि विभाग की चिंता को बढ़ गई है। जानकारी के अनुसार जिले में गन्ने की खेती का रकबा काफी मात्रा में कम पाया गया है। विभाग की तरफ से पहली बार किसानों को गन्ने की खेती करने व उसके फायदे बताने के लिए कृषि मेले का आयोजन किया जा रहा है। जिसको लेकर कृषि अधिकारी ने अन्य अधिकारियों के साथ बैठक करके मेले की रूपरेखा व जरूरी दिशा-निर्देश जारी किए है।

विभाग की तरफ से मेले का आयोजन 11 मार्च को शहर के कामी रोड स्थित दी सहकारिता चीनी मिल में किया जायेगा। बता दें कि देश भर में अन्य राज्यों से ज्यादा हरियाणा प्रदेश में गन्ने के भाव सरकार की तरफ से गन्ना उत्पादकों को दिए जा रहे है। वहीं सोनीपत जिले की बात करे तो किसानों का गन्ना लेने के लिए गोहाना के आहुलाना व शहर के कामी रोड पर चीनी मिल स्थापित है। सरकार की तरफ से दी जा रही सुविधा के बावजूद जिले में गन्ने का रकबा कम होता जा रहा है। गन्ने के उत्पादन को बढ़ाने के लिए सोनीपत कृषि विभाग ने गन्ना किसान मेला आयोजित करने का फैसला किया है। किसान मेले में सोनीपत जिले के लगभग 500 गन्ना उत्पादक किसान शामिल होंगे। गन्ना किसान मेले के दौरान



उचानी रिसर्च सेंटर से गन्ना विशेषज्ञ भी पहुंचेंगे। जोकि न सिर्फ किसानों को नई गन्ने की किस्मों के बारे में जागरूक करेंगे, बल्कि गन्ने की फसल में होने वाले विभिन्न प्रकार के रोगों की रोकथाम के उपाय भी बताए जाएंगे। मेले में गन्ने से तैयार होने वाले अलग-अलग उत्पादों के बारे में भी जानकारी दी जाएगी, ताकि किसान खुद का ब्रांड भी तैयार करके अपनी आमदनी को बढ़ा सकें।

### मेले में पहुंचेंगे गन्ना विशेषज्ञ, किसानों को गन्ने की नई किस्मों की देंगे जानकारी

विभाग की तरफ से गन्ना उत्पादन को बढ़ाने व उसके प्रति जागरूक करने के लिए शहर के चीनी मिल परिसर में किसान मेले का आयोजन किया जायेगा। विभाग की तरफ से 11 मार्च को आयोजित होने वाले मेले को लेकर तैयारियां शुरू कर दी गई है। मेले में गन्ना विशेषज्ञ पहुंचेंगे तथा किसानों को नई किस्मों के बारे में अवगत कराया जाएगा। गन्ना उत्पादन को बढ़ाने के लिए किसानों को प्रेरित किया जाएगा।

-**डा. पवन शर्मा**, जिला कृषि अधिकारी

### यमुना क्षेत्र में सबसे ज्यादा गन्ने का रकबा, अन्य जगहों पर घटा

विभाग से मिली जानकारी के अनुसार जिले में गन्ना उत्पादक किसान यमुना के साथ लगते हुए क्षेत्रों में गन्ने का उत्पादन ज्यादा करते हैं। आहुलाना चीनी मिल और सोनीपत चीनी मिल क्षेत्र की बात करे तो गन्ने का रकबा करीब 22 हजार एकड़ ही रह गया है। सोनीपत चीनी मिल के अंतर्गत आने वाले क्षेत्र की बात करे तो करीब 13 हजार एकड़ भूमि में किसानों ने गन्ने की फसल उगाई है। किसानों को जागरूक करने के लिए कृषि विभाग मेले के माध्यम से अधिक से अधिक किसानों को गन्ने की खेती से जोड़ने की कवायद में जुट गया है, ताकि जिले में गन्ने का रकबा बढ़ सके।

# विधायक ने किया तीन दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राई

राई हलका विधायक एवं पूर्व मंत्री कृष्णा गहलावत ने बतौर मुख्यातिथि बहालगढ़ स्थित रेणु विद्या मंदिर में आयोजित तीन दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन का शुभारंभ किया। साथ ही समाज से आह्वान किया कि दिव्यांगजनों और उनके परिवारों के मानसिक स्वास्थ्य एवं कल्याण के लिए हर संभव मदद करें। इसके लिए एकजुट प्रयास जरूरी है। दिव्यांगजनों और उनके परिवारों के मानसिक स्वास्थ्य एवं कल्याण को बढ़ावा देने संबंधी विषय पर 6 से 8 मार्च तक राष्ट्रीय सम्मेलन का दीप प्रज्ज्वलित कर विधायक कृष्णा गहलावत ने शुभारम्भ किया। प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए



विधायक ने कहा कि दिव्यांगजन हमारे समाज का अभिन्न अंग हैं। दिव्यांगों को दया की नहीं अपितु सहयोग की आवश्यकता है। इस मौके पर भाजपा के जिला सोशल मीडिया प्रभारी रविंद्र मलिक और भाजपा नेता सत्यनारायण आंतिल, शेखर आंतिल, जितेंद्र कौशिक, नरेंद्र खेवड़ा, नीरज डागर आदि मौजूद रहे।

# हाल का निर्माण पूरा करने में एक करोड़ और खर्च होंगे : कादियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गन्नौर

मुख्यमंत्री घोषण के तहत शहर में रुके हुए बैडमिंटन हाल का निर्माण कार्य अब फिर से शुरू होगा। नगरपालिका ने नई एजेंसी को वर्क आर्डर दे दिया है। इसका निर्माण पूरा करने में करीब एक करोड़ रुपए और खर्च होंगे। निर्माण कार्य पूरा करने की डेडलाइन मार्च 2026 रखी गई है।

वीरवार को विधायक देवेंद्र कादियान के अनुज समाजसेवी वीरेंद्र कादियान ने नारियल फोड़ कर कार्य का शिलान्यास किया है। साल 2016 में तत्कालीन सीएम मनोहर लाल ने गन्नौर में बैडमिंटन हाल की घोषणा की थी, जो करीब 93 लाख रुपए की लागत से बनकर तैयार होना था, लेकिन कई साल



बीत जाने के बाद करीब 73 लाख खर्च होने पर भी बैडमिंटन हाल का निर्माण 50 प्रतिशत ही पूरा हो पाया। जिसके बाद ठेकेदार ने बीच में काम छोड़ दिया। इस पर नगरपालिका ने एजेंसी का टेंडर निरस्त कर दोबारा टेंडर लगाया। अब एजेंसी द्वारा निर्माण कार्य शुरू कर दिया गया है। इस साल के अंत तक हाल का निर्माण पूरा होने की उम्मीद है।



गोहाना। भगत फूल सिंह की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित करते कुलपति प्रो. सुदेश व अन्य।

# प्रो. सुदेश ने विवि कुलपति का पुनः कार्यभार संभाला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोहाना

■ हवन में आहुति डालकर की पहले दिन की शुरुआत, भगत फूल सिंह को किया नमन

■ प्रो. सुदेश ने राज्यपाल मुख्यमंत्री, शिक्षा मंत्री व हरियाणा सरकार का दोबारा नियुक्ति पर आभार जताया

भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय (विवि) खानपुर कलां में कुलपति प्रो सुदेश का कार्यकाल पुनः 3 साल के लिए बढ़ा दिया गया है। गुरुवार को कुलपति पद का पुनः कार्यभार संभालते हुए प्रो. सुदेश ने राज्यपाल, मुख्यमंत्री, शिक्षा मंत्री व हरियाणा सरकार का नियुक्ति पर आभार जताया। उन्होंने दिन की शुरुआत भगत फूल सिंह की समाधि स्थल पर हवन में आहुति डाल कर की। तत्पश्चात भगत फूल सिंह की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित करते हुए उन्होंने विवि के अधिकारियों व कर्मचारियों को सम्बोधित किया।

कुलपति प्रो. सुदेश ने भगत फूल सिंह व बहन सुभाषिनी को नमन करते हुए कहा कि यह एक तपोभूमि है। उन्होंने कहा कि उन्हें हवन से ऊर्जा मिलती है तथा और अधिक काम करने की शक्ति मिलती है। उसने जब महिला विवि में पहली बार कुलपति का पदभार संभाला था और जो काम करने का संकल्प लिया था वो कार्य काफी हद तक पूर्ण हो गए हैं। इस नए कार्यकाल में नए संकल्प और नए उद्देश्यों के साथ काम करना है। जो कमियां रह गई उनको आत्मसात कर नए कार्य को पूरा करने की दिशा में सकारात्मकता के साथ आगे बढ़ेंगे। प्रो. सुदेश ने कहा कि हम सब एक ही परिवार के सदस्य है केवल किरदार सब का अलग-अलग है। सभी अपना काम निष्ठा से करें। हरियाणा सरकार ने जो भरोसा हम पर जताया है उसको पूरा करने के लिए सभी के सहयोग की जरूरत है। मेरे लिए सभी अधिकारी व कर्मचारी महत्वपूर्ण हैं।

उन्होंने आगे कहा कि मेरी ताकत मेरा विवि परिवार है। जिस किसी के पास जो भी अच्छा विचार है वो साझा करें। सकारात्मक और विकासशील विचार हमेशा आमंत्रित है। हवन में महिला विश्वविद्यालय के कुलसचिव प्रो शिवालिक यादव ने भी आहुति डाली।

### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर विवि के सभी विभाग अध्यक्ष, डीन, इंचार्ज और कर्मचारी उपस्थित रहे।